मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 232 | रविवार, 8 दिसंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now | /ulhasvikas | संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**मृत महिला के परिवार को 25 लाख देंगे अल्लू**

## संक्षेप...

### शुभकामना बैनरों से पटा शहर

**अंबरनाथ.** हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में अंबरनाथ, उल्हासनगर और बदलापुर में महायुति के सभी तीन मौजूदा विधायकों ने अपनी सीटें बरकरार रखीं. अपने प्रिय विधायकों के प्रति अपना प्यार जताने के लिए पदाधिकारी बैनरों के जरिए शुभकामनाएं दे रहे हैं. इससे शहर का रंगरूप खराब हो रहा है, लेकिन देखने में आ रहा है कि नगर पालिका इन अवैध बैनरों के खिलाफ कार्रवाई करने में हिचकिचा रहा है. चूँकि बैनरों के कारण बड़े पैमाने पर शहर ख़राब हो रहे हैं, इसलिए राज्य सरकार और न्यायालय ने नगर पालिकाओं को ऐसे बैनरों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. पिछले महीने सभी दलों के उम्मीदवारों द्वारा शहर भर में हजारों बैनर लगाए गए थे. इसके अलावा विधानसभा के नतीजों के बाद अंबरनाथ, उल्हासनगर और बदलापुर में जीते विधायकों को बधाई देने के लिए पदाधिकारियों ने शहर में कई जगहों पर उनकी फोटो वाले बैनर लहराए. नागरिक इन बैनरों को हटाने की मांग कर रहे हैं क्योंकि इससे शहर बदसूरत हो रहे हैं.

# गैस्ट्रो से बच्ची की मौत

## मौसम में बदलाव | सेंट्रल अस्पताल में परिवार के 5 लोगों का इलाज जारी







- **बदलापुर के सोनीवली आदिवासी वाडी की घटना**
- **सेंट्रल अस्पताल में गैस्ट्रो जैसी बीमारी के कई मरीज**
- **खराब मौसम के दौरान डॉक्टरों से अपनी जांच करवाएं**

**बदलापुर.** बदलापुर के सोनीवली आदिवासी वाडी में 2 साल की बच्ची की उल्टी व दस्त बीमारी के चलते मौत होने से परिसर में सनसनी फैल गई है. ज्ञात हो कि उल्हासनगर के सरकारी सेंट्रल हॉस्पिटल में इसी गैस्ट्रो जैसी बीमारी हेतु एक ही परिवार के 5 लोगों का इलाज चल रहा है. हालांकि उल्टी और दस्त की वजह अभी तक सामने नहीं आई है.

2 साल की बच्ची सपना मिरकुटे की दुर्भाग्य से इससे मौत हो गई. घर के 5 लोग इसी समस्या से पीड़ित हैं और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया बदलापुर नगर पालिका की आशा सेविका और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिविर लेकर ग्रामीणों की जांच की, मीरकुटे परिवार ने पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया, लेकिन आशा सेविका और किशोर मेहर ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया.

उन्हें समझाने के बाद वे उसे अस्पताल में भर्ती कराने को तैयार हो गये. इस बीमारी के कई लोग त्रस्त हैं. लोगों से अपील की गई है कि बदलते मौसम में अपना ध्यान दें और समय समय पर डॉक्टर से अवश्य जांच कराएं.

## बदन दर्द, सर्दी-खांसी, बुखार, गले में खराश से नागरिक परेशान

नवंबर के आखिरी सप्ताह में तापमान में गिरावट के कारण वातावरण में ओस छा गई. लेकिन, पिछले कुछ दिनों में तापमान फिर से बढ़ गया है. दोपहर में सूरज की तपिश महसूस हो रही है. इस जलवायु परिवर्तन का असर नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है. निजी डॉक्टरों ने बताया कि नागरिक शरीर दर्द, सर्दी-खांसी, गले में खराश और बुखार से पीड़ित हैं और अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है.

नवंबर के अंतिम सप्ताह में जिले का तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया. वातावरण में ओस थी. लेकिन, पिछले कुछ दिनों में तापमान फिर से बढ़ गया है. शुक्रवार को ठाणे जिले में 33 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है. लेकिन, पर्यावरण में हो रहे इस बदलाव का असर नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है. नागरिक सर्दी, खांसी, बुखार, बदन दर्द और गले में खराश से पीड़ित हैं. शहर के छोटे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में इस बीमारी के मरीजों की



संख्या में बढ़ोतरी हुई है. एक डॉक्टर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से प्रतिदिन इस बीमारी के 30-40 मरीज इलाज के लिए अस्पताल आ रहे हैं.

### कैसे रखें ख्याल?

**सर्दी के दिनों में तापमान बढ़ने पर भी ठंडे पेय पदार्थों से बचना चाहिए. वर्तमान में प्रदूषण भी बढ़ गया है. एक निजी डॉक्टर ने सलाह दी कि जो नागरिक सांस की समस्याओं से पीड़ित हैं, उन्हें मास्क का उपयोग करना चाहिए.**

# अंबरनाथ में 3 विद्यार्थियों के साथ लैंगिक अत्याचार




- **नराधम शिक्षक गिरफ्तार**
- **10 दिसंबर तक रिमांड पर**

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम में एक सेवाभावी संस्था द्वारा संचालित स्कूल में कई विद्यार्थियों के साथ लैंगिक अत्याचार करने वाले नराधम शिक्षक को अंबरनाथ पुलिस ने हथकड़ी पहनाकर जेल में डाल दिया है. इस स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने वाले गरीब विद्यार्थियों के साथ अश्लील व लैंगिक कृत्य करके नराधम शिक्षक उसका वीडियो निकालकर उनको ब्लैकमेल भी करता था. डरे, सहमें विद्यार्थियों ने शिक्षक के डर से स्कूल जाना बंद कर दिया था. पालकों द्वारा पूछे जाने पर पूरा मामला सामने आने पर पालकों ने शुक्रवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराने पर अपराध दर्ज करके पुलिस ने तुरंत आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया. उस पर पोक्सो अंतर्गत अपराध दाखिल किया गया है. इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सहायक पुलिस आयुक्त शैलेष काले ने बताया कि अभी तक तीन विद्यार्थियों के साथ शिक्षक ने अश्लील लैंगिक अत्याचार किया है. शनिवार को आरोपी को उल्हासनगर न्यायालय में पेश किया गया. न्यायाधीश ने आरोपी शिक्षक को 10 दिसंबर तक का पुलिस कस्टडी दिया है. पुलिस उससे पूछताछ करेगी कि उसने अब तक कितने विद्यार्थियों के साथ ऐसी घिनौनी हरकत की है. पुलिस ने स्कूल और शिक्षक के नाम को गुप्त रखा है.

# आयलानी ने सिंधी भाषा में ली शपथ



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार विधायक बने भाजपा के कुमार आयलानी ने कल विधानसभा में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सिंधी भाषा में शपथ लेकर अपनी भाषा का मान बढ़ाया है. पिछले दो बार के कार्यकाल में भी उन्होंने सिंधी भाषा में ही शपथ लेकर जय झूलेलाल का जयकारा भी लगाया. ज्ञात हो कि आयलानी ने 30,754 वोटों से कालानी को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है. अब शहरवासियों को उम्मीद है कि पिछले बार की तरह वो जनता को निराश नहीं करेंगे.

# टैक्स बकायेदारों पर सख्त कार्रवाई शुरू

- **पानी और बिजली कनेक्शन काटा गया**
- **कई बार नोटिस के बावजूद की कार्रवाई**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका ने संपत्ति कर बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है. टेलीफोन एक्सचेंज के पास एक बड़ी संपत्ति को शुक्रवार को सील कर दिया गया. इसके साथ ही संपत्ति का पानी कनेक्शन काटने और



बिजली कनेक्शन काटने के लिए बिजली विभाग को पत्र दिया गया है. मनपा आयुक्त विकास ढाकने के सुझाव पर कर विभाग ने यह कार्रवाई की है. टैक्स अधिकारी नीलम कदम, सचिन वानखेड़े और मनोज गोखलानी के नेतृत्व में एक टीम मौके पर पहुंची. बताया जाता है कि एक संपत्ति पर 7 लाख 72 हजार रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है. जहां कई बार नोटिस भेजने के बावजूद टैक्स नहीं चुकाया गया, इसलिए यह कदम उठाना पड़ा ऐसा टैक्स अधिकारी नीलम कदम ने कहा.

# उल्हासनगर मनपा की 10 एसी बसें दौड़ेंगी कल्याण से बदलापुर तक

- **उल्हासनगर, अंबरनाथ व बदलापुर के हजारों यात्रियों को होगा लाभ**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा के परिवहन विभाग की 10 वातानुकूलित बसों की सेवा जल्द ही कल्याण-बदलापुर मार्ग पर कल्याण से बदलापुर तक शुरू होगी. गुरुवार को मनपा के परिवहन विभाग की ओर से स्टेट हाईवे पर इन वातानुकूलित बसों का परीक्षण शुरू किया गया, जिसके बाद आने वाले सप्ताह में यात्रियों के लिए यह कम किराए वाली परिवहन सेवा शुरू कर दी जाएगी. इसलिए अंबरनाथ, बदलापुर और उल्हासनगर के हजारों यात्री इस परिवहन सेवा का लाभ उठाकर सुखद यात्रा का आनंद ले सकते हैं. इसलिए यात्रियों में खुशी का माहौल है.





उल्हासनगर मनपा ने शहर में एक नई परिवहन सेवा शुरू की है. इसके मुताबिक पहले चरण में पिछले साल शहर में 10 छोटे आकार की बसों की सेवा शुरू की गई है. इसलिए शहर के अंदर चलने वाली इस परिवहन सेवा से यात्रियों को काफी फायदा हो रहा है और नागरिक भी इस परिवहन सेवा को प्रतिसाद दे रहे हैं. अब दूसरे चरण के कल्याण बस स्टेशन से बदलापुर बस स्टेशन मार्ग पर कल्याण, बदलापुर राज्य राजमार्ग से कल्याण से बदलापुर तक सीधी वातानुकूलित परिवहन सेवा उल्हासनगर मनपा द्वारा शुरू की जाएगी.

परिवहन विभाग के विनोद केने ने बताया कि गुरुवार को मनपा के परिवहन विभाग ने कल्याण से बदलापुर मार्ग पर इस सेवा का परीक्षण किया. इसके अनुसार एक बस एक दिन में कितने चक्कर लगाती है. इसके मुताबिक एक राउंड ट्रिप में लगने वाले समय का अध्ययन किया जा रहा है. इसलिए, एक सप्ताह के ट्रायल रन के बाद जल्द ही कल्याण-बदलापुर मार्ग पर पहली वातानुकूलित परिवहन सेवा शुरू की जाएगी.

# ट्रक से कुचलकर एक की मौत

- **बदलापुर की घटना**
- **चालक गिरफ्तार**



**बदलापुर.** महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के एक ठेका कर्मचारी की अनियंत्रित ट्रक से कुचलकर मौके पर ही मौत हो गयी. कर्मचारी का नाम संतोष पडवल है और यह जानलेवा हादसा बदलापुर पश्चिम में वडवली रोड पर तब हुआ जब वह पानी का नल चालू करने जा रहा था. प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया.

हादसा शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे बदलापुर पश्चिम के वडवली में बारवी डैम रोड पर हुआ. महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के दो संविदा कर्मचारी संतोष पडवल और उनके सहयोगी वडवली में पानी की टंकी के पास पैदल जा रहे थे. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पड़वल को अचानक पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी. दुर्भाग्य से, ट्रक के पहिये के नीचे आने से पडवल की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि उसके साथ मौजूद उसके साथी पास की झाड़ियों में गिर गए. प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस को फोन किया. बदलापुर पश्चिम पुलिस पडवल को शव परीक्षण के लिए बदलापुर ग्रामीण अस्पताल ले गई. इस हादसे के लिए ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है. इस घटना के बाद बदलापुर में आक्रोश का माहौल है.

# मुफ्त में वड़ापाव नहीं मिला तो दुकान में की तोड़फोड़





- **उल्हासनगर-2 खेमानी परिसर की घटना**
- **खेमानी पर पुलिस चौकी की मांग बढ़ी**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-2 खेमानी चौक स्थित ए वन जंबो वड़ा पाव दुकान में मुफ्त का वड़ा पाव नहीं देने पर एक गुंडे द्वारा दुकान में तोड़फोड़ करने की घटना घटी है. तोड़फोड़ में दुकान का काफी नुकसान हुआ है, शनिवार की सुबह सन्नी नामक युवक ने खेमानी चौक पर निखिल गुप्ता की वड़ा पाव की दुकान पर गया और मुफ्त में वड़ा पाव नहीं मिला तो गुस्से में आकर सन्नी ने पूरी दुकान में जमकर तोड़फोड़ की. अब इस मामले में उल्हासनगर पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है और पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है. खेमानी परिसर अब गुंडों व अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है. यहां पर आए दिन दुकानदारों पर हमला व चोरी जैसी घटनाएं घट रही है. यहां पर पुलिस चौकी की आवश्यकता है ऐसा व्यापारियों ने कहा है. उल्हासनगर शहर में बदमाशों का खौफ दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है और व्यापारी मांग कर रहे हैं कि पुलिस समय रहते हस्तक्षेप करे.

# 3 जीन्स मजदूरों पर जानलेवा हमला

- **जीन्स फैक्ट्री में घुसकर किया हमला**
- **हिललाईन पुलिस में मामला दर्ज**



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में जींस फैक्ट्री में घुसकर तीन मजदूरों पर जानलेवा हमला किया गया. कैंप नंबर 5 के हिललाइन पुलिस थाना क्षेत्र में स्थित एक जींस फैक्ट्री में दो युवकों ने फैक्ट्री में घुसकर तीन कर्मचारियों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया. हमले में मजदूर घायल हो गए और उनका उल्हासनगर के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है. हमलावरों ने एक कर्मचारी को बुलाया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया, कुछ ही मिनटों में वे फैक्ट्री में आए और तीनों पर चाकू से हमला कर दिया. इस बीच हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. घायल ने बताया कि ये दोनों लोग हत्या की नियत से आये थे. पुलिस आगे की जांच कर रही है.

# चिखलोली रेलवे स्टेशन का निर्माण तेजी पर

- **बिल्डरों, फ्लैट धारकों में खुशी की लहर**

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ और बदलापुर रेलवे स्टेशन के बीच बन रहे चिखलोली रेलवे स्टेशन का काम आधे से ज्यादा पूरा हो चुका है. रेल प्रशासन को अंदाजा है कि अगल वर्ष के आखिरी महिने तक यहां पर लोकल ट्रेनों का हाल्ट होगा.

अंबरनाथ और बदलापुर के बीच 8 किलोमीटर का अंतर है. गत 15 वर्षों से ये कहा जा रहा था कि दोनों के बीच चिखलोली रेलवे स्टेशन बनेगा. डी मार्ट के पास में ही रेल प्रशासन ने स्टेशन निर्माण



के लिए भूसंपादन प्रक्रिया के बाद स्टेशन के लिए प्लेटफार्म निर्माण के लिए भूसंपादन प्रक्रिया के बाद स्टेशन के लिए प्लेटफार्म, टिकट घर आदि का निर्माण कार्य तेजी से शुरू किया है. कल्याण से बदलापुर के बीच तीसरे और चौथे रेलवे मार्ग का निर्माण का कार्य शुरू हो गया है.

चिखलोली स्टेशन से दोनों तरफ के नए रास्ते का निर्माण के लिए भू संपादन प्रक्रिया के बाद स्टेशन के लिए प्लेटफार्म, टिकट घर आदि का निर्माण कार्य तेजी से शुरू किया है. कल्याण से बदलापुर के बीच तीसरे और चौथे रेलवे मार्ग निर्माण का कार्य शुरू हो गया है. चिखलोली स्टेशन से दोनों तरफ के नए रास्ते का निर्माण करके दोनों तरफ के महामार्ग को जोड़ने के कार्य की शुरूआत की जाएगी. चिखलोली रेलवे स्टेशन एवं भूसंपादन पर लगभग 700 करोड़ रुपयों के खर्च का अंदाज है. चिखलोली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म क्र. 1 और 2 होंगे, जिसके लिए पादचारी पुल का कार्य भी जोर से शुरू है.

विदित हो कि चिखलोली में रेलवे स्टेशन बनेगा ये सोचकर 10 से 12 वर्ष पूर्व कई बिल्डरों ने यहां पर जमीन खरीद कर रखा है. कइयों ने इमारत का निर्माण कर दिया है. लोगों ने यहां पर फ्लैट भी खरीद रखे हैं. सन 25 के आखिर में यहां पर लोकल ट्रेनें ठहरेंगी. ये सुनकर बिल्डरों, फ्लैट धारकों में खुशी की लहर दौड़ गई है.

# बेरोजगार युवकों से 74 लाख की ठगी

- **रेलवे में नौकरी का दिया लालच**

**कल्याण.** महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायतकर्ता ने शिकायत दर्ज कराई है कि यहां के एक परिवार के सदस्य ने संदिग्ध रेलवे अधिकारियों के साथ मिलकर रायगढ़ जिले के रोहा निवासी और अन्य बेरोजगार युवाओं से कुल 74 लाख 40 हजार रुपये की धोखाधड़ी की है. इस तरह की धोखाधड़ी जनवरी से मई के बीच हुई है. ठगी का शिकार हुए रोहा के एक व्यक्ति ने गुरुवार को महात्मा फुले थाने में शिकायत दर्ज करायी. पुलिस ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट दर्ज कर ली है.

शिकायतकर्ता ने चिकनघर इलाके के एक परिवार के चार सदस्यों, तीन संदिग्ध रेलवे अधिकारियों और एक मेडिकल ऑफिसर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है. थाने में दी गई शिकायत में दी गई जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता का बेटा बेरोजगार था और उसे नौकरी की जरूरत थी. शिकायतकर्ता की पहचान उस संदिग्ध व्यक्ति से हुई जिसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. इन नौ लोगों में से कुछ ने शिकायतकर्ता को यह दिखावा किया कि वे रेलवे अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी हैं.

संदिग्ध ने शिकायतकर्ता को लालच दिया कि हमारी रेलवे में जान-पहचान है और हम उसे रेलवे में विभिन्न पदों पर नौकरी दिला सकते हैं. इस प्रलोभन में फंसकर शिकायतकर्ता ने अपने बेटे और अन्य बेरोजगार युवाओं को रेलवे में नौकरी दिलाने की उम्मीद में आरोपी की बातों पर विश्वास कर लिया. शिकायतकर्ता और अन्य बेरोजगार युवकों ने रोजगार के बदले विभिन्न बैंक खातों में 74 लाख 40 हजार रुपये जमा कराए. शिकायतकर्ता सहित बेरोजगार युवाओं को संदिग्ध रेलवे अधिकारियों द्वारा फर्जी ईमेल और नियुक्ति पत्र भेजे गए थे.

यह महसूस करने के बाद कि उन्हें मिले नियुक्ति पत्र फर्जी हैं, युवक ने शिकायतकर्ता के साथ पैसे वापस पाने के लिए आरोपी व्यक्तियों से संपर्क किया. चूँकि उनसे पैसे वापस मिलने की कोई संभावना नहीं है, इसलिए शिकायतकर्ता ने महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है क्योंकि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## मोबाइल बन रहा जी का जंजाल

साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं के बीच मोबाइल फोन का उपयोग करने वालों के लिए जोखिम लगातार बढ़ रहा है. एक ओर लोगों के डेटा निरंतर चुराने की खबरें आती हैं, वहीं अब मोबाइल में बेतहाशा सेंधमारी होने लगी है. इसका अर्थ है कि लोगों की निजता खतरे में है. बैंकिंग लेन-देन से लेकर उनकी तमाम गतिविधियों पर नजर है. मोबाइल उपयोगकर्ता की सभी जानकारियां पलक झपकते सेंधमारों तक पहुंच जाती है. इसके बाद क्या होता है, यह किसी से छिपा नहीं है.

फिलहाल तो इस खबर ने चिंता बढ़ा दी है कि हमारे यहां मोबाइल फोन में सर्वाधिक सेंधमारी हो रही है. 'जेडस्केलर थ्रेटलैब्ज 2024 मोबाइल, आइओटी एंड ओटी थ्रेट रपट' को गंभीरता से लेने की जरूरत है. इसके मुताबिक, दुनिया भर में हुई सेंधमारी के क्रम में भारत में सबसे अधिक अट्ठाईस फीसद हमले हुए. मोबाइल उपयोग करने वालों के लिए यह खतरे की घंटी है, तो दूरसंचार कंपनियों और मोबाइल निर्माताओं के लिए चेतावनी भी. उन्हें बढ़ते साइबर खतरों के बीच अब सुरक्षा उपाय के लिए नए कदम उठाने होंगे.

अंतरजाल की दुनिया में आंख मूंद कर किसी पर भरोसा नहीं किया जा सकता. जरा-सी लापरवाही मुसीबत में डाल देती है. इसे गंभीरता से लेने की जरूरत इसलिए भी है, क्योंकि आज के दौर में सभी गतिविधियां मोबाइल, लैपटाप अथवा कंप्यूटर में केंद्रित हो गई है. लोग अपने से संबंधित कई संवेदनशील जानकारियां मोबाइल में रखते हैं. एक रपट के अनुसार, वास्तविक बैंकिंग वेबसाइट की हूबहू नकल वाली वेबसाइट तैयार कर ग्राहकों को भ्रमित किया जाता है. किसी अनजान लिंक पर पहुंचते ही साजिशों की घेराबंदी शुरू हो जाती है. मोबाइल 'स्पाइवेयर' से भी सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि यह उपभोक्ताओं की निजी जानकारियां गुप्त तरीके से चुरा लेता है. सबसे बड़ा खतरा वित्तीय धोखाधड़ी का है. आज जब पूरी बैंकिंग मोबाइल में सिमट गई है, तो ऐसे में यह सेंधमारी किसी को कभी भी संकट में डाल सकती है. कई बार लोग कुछ ऐप डाउनलोड कर लेते हैं. ताजा रपट में आगाह किया गया है कि कोई दो सौ से अधिक ऐप सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक हैं. ऐसे में लोगों की सजगता ही सुरक्षा की दीवार साबित हो सकती है, मगर सरकार को भी एक ठोस तंत्र बनाने की जरूरत है.

# आसान नहीं घटती आबादी को बढ़ाना



हाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने परिवार के महत्व पर जोर देते हुए भारत में जनसंख्या वृद्धि घटने के प्रति सचेत किया. उन्होंने कहा कि अगर भारत की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) 2.1 प्रतिशत के नीचे चली गई तो किसी और को समाज को बर्बाद करने की जरूरत नहीं, वह अपने आप ही नष्ट हो जाएगा. इसलिए प्रत्येक दंपती को कम से कम तीन बच्चे पैदा करना जरूरी है. इसके पहले आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री अपने राज्यों की घटती आबादी पर चिंता जता चुके हैं.

इस समय भारत आबादी के मामले में दुनिया में पहले नंबर पर है. अर्से से यहां आबादी कम करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसे मध्य वर्ग ने काफी हद तक अपनाया भी. अब तो हमारे यहां डिंक यानी डबल इनकम ग्रुप के परिवारों में एक बच्चे का चलन चल पड़ा है. इसके अलावा कुछ युवा ऐसे भी हैं, जो बच्चे चाहते ही नहीं, क्योंकि वे बच्चे पालने को एक मुसीबत और बड़ी जिम्मेदारी के रूप में देखते हैं. उनका कहना है कि वे जिंदगी का आनंद लेना चाहते हैं और बच्चे इसमें रुकावट हैं.

कम होती आबादी दुनिया के कई देशों के लिए गंभीर चिंता का विषय है. हो सकता है कि भागवत जी ने जापान, दक्षिण कोरिया आदि देशों की आबादी संबंधी चिंताओं को देखते हुए अपना बयान दिया हो. दक्षिण कोरिया में इस सदी के अंत तक जनसंख्या पांच करोड़ बीस लाख से घटकर एक करोड़ सात लाख रहने का अंदेशा जताया जा रहा है. यह स्थिति न आए, इसके लिए दक्षिण कोरिया सरकार अपने लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए तरह-तरह के प्रलोभन-प्रोत्साहन दे रही है.


वहां पुरुषों के लिए सैन्य प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है, लेकिन तीन या उनसे अधिक बच्चे वालों को इससे छूट दी जा रही है. महिलाओं के लिए भी तरह-तरह की घोषणाएं की जा रही हैं, मगर वे इस बारे में सुनने को तैयार नहीं. दक्षिण कोरिया पहला ऐसा देश है जहां 2018 में महिलाओं ने 4बी नामक एक आंदोलन शुरू किया था. इसे शुरू करने वाली स्त्रियों का कहना था कि वे पुरुषों से किसी तरह का संबंध नहीं रखना चाहतीं.

उनके साथ न तो डेटिंग पर जाना चाहती हैं, न लिव-इन में रहना चाहती हैं, न शादी करना चाहती हैं और न ही बच्चे पैदा करना चाहती हैं. अब तो अमेरिका में भी यह आंदोलन जा पहुंचा है. चीन और जापान की सरकारें भी अपने यहां बढ़ती बुजुर्ग आबादी और घटती प्रजनन दर को लेकर परेशान हैं. चीन में तो कुछ दिनों पहले घोषणा की गई थी कि डेटिंग पर जाने वाले लोगों को सरकार विशेष छुट्टियां देगी. चीन में किसी जमाने में एक बच्चा नीति थी, जिसे बहुत कठोरता से लागू किया गया.

अब वही चीन सरकार चाहती है कि लोग तीन बच्चे पैदा करें. भारत में भी आपातकाल के दिनों में हम दो-हमारे दो का नारा चलाया गया, जो तब ज्यादा सफल नहीं हुआ, लेकिन बाद में मध्यवर्ग ने इसे अपना लिया. आज कोई भी देश अपनी छवि बुजुर्गों के आधार पर नहीं बनाना चाहता, क्योंकि उनकी नजर में बुजुर्गों का मतलब कमजोरी है. इसलिए उन्हें नई पीढ़ी चाहिए. भारत में भी बुजुर्गों की आबादी दस करोड़ से अधिक है. हमारे यहां एक नेता कह भी चुके हैं कि बुजुर्गों पर देश के बहुत संसाधन खर्च होते हैं.

ऐसे में यदि नई पीढ़ी नहीं आई तो देश का भविष्य चौपट समझें. चिकित्सा विज्ञान की नई खोजों और दवाओं तथा उनकी उपलब्धता ने लोगों की उम्र लंबी की है. इसे अच्छी बात मानने के बजाय कोसना ठीक नहीं है. कोई सरकार चाहे तो बुजुर्गों को किसी रचनात्मक काम में लगा सकती है. उनके अनुभवों का लाभ उठा सकती है. कोई काम मिलने पर उन्हें न तो वक्त कटने की समस्या होगी, न अकेलापन महसूस होगा, कुछ आय भी होगी. करोड़ों लोग बुजुर्ग होने के कारण हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठे रहें, जबकि वे काम करना चाहते हैं.

दुनिया में आबादी कम होने का एक बड़ा कारण महिलाओं की बढ़ी हुई निर्णायक शक्ति है. आज स्त्री विमर्श ने महिलाओं को बताया है कि मां बनने से ज्यादा जरूरी है, आत्मनिर्भरता. यानी उनके हाथ में पैसे आएं और उनकी क्रय शक्ति बढ़े. अपने शरीर की मालकिन वे खुद बनें. वे चाहें तो परिवार बसाएं, मां बनें, न चाहें तो ऐसा न करें. इन दिनों बड़ी संख्या में महिलाएं आत्मनिर्भर हैं या उस ओर बढ़ रही हैं.



ध्यानाभ्यास के द्वारा हम जान जाते हैं कि हमारे अंदर शांति और प्रेम का स्रोत है, जो हमारे जीवन को समृद्ध कर सकता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# बेघरों के रैन बसेरा को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

हर वर्ष समूचे देश में जब कड़ाके की ठंड पड़ने लगती है, तब ठिठुरते और इसकी वजह से लोगों की मौत होने की खबरें भी आती हैं. इस मसले पर सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशील लोग और संगठन चिंता जताते हैं तथा सरकार भी इससे सहमत होती है. मगर यह विचित्र है कि ठंड की मार का सामना करने वाले लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार कोई ऐसा दीर्घकालिक उपाय करती नहीं दिखती, ताकि किसी की मौत, हादसे या मौसम की वजह से होने वाली घटना में सिमट कर न रह जाए.

दिल्ली और अन्य राज्यों में ऐसे लोगों की खासी संख्या है, जिनके पास रहने का कोई ठौर नहीं है और ठंड के चरम दौर में जब तापमान में काफी गिरावट हो जाती है, तब उनके लिए वक्त काटना और खुद को बीमारी और मृत्यु से बचा लेना एक बड़ी चुनौती होती है. कहने को सरकार की ओर से रैन बसेरे जैसी जो सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं, उसकी सीमाओं के बीच लोग अपने स्तर पर ठंड का सामना करते हैं. इसके बावजूद कई लोगों की जान चली जाती है.

सवाल है कि इस हकीकत के बदस्तूर कायम रहने के बीच सरकार का दायित्व क्या है? घनघोर जाड़े के दिनों में बेघर लोगों के लिए आश्रय गृहों या रैन बसेरों की उपलब्धता सुनिश्चित करना किसकी जिम्मेदारी है? गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय ने भी चिंता जताते हुए कहा कि बहुत जल्दी ठंड बढ़ने वाली है. इसलिए दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड यानी डीएएसआइबी यह जानकारी पेश करे कि मौजूदा समय में जो आश्रय गृह हैं, वहां कितने लोगों को ठहराया जा सकता है और कितने ऐसे लोग हैं, जिन्हें इस तरह सुविधा की जरूरत पड़ सकती है.



शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों को सर्दी की मार के मद्देनजर उपलब्ध आश्रय सुविधाओं के बारे में विस्तृत रपट देने का आदेश दिया. यह छिपा तथ्य नहीं है कि हर वर्ष जाड़ा और बेघर लोगों को ध्यान में रख कर दिल्ली सरकार की ओर जो आश्रय गृह या रैन बसेरे तैयार कराए जाते हैं, वे जरूरत के मुकाबले अपर्याप्त होते हैं. फिर जहां ऐसे रैन बसेरे या आश्रय गृह होते भी हैं, वहां साफ-सफाई का घोर अभाव, असुरक्षित माहौल और अव्यवस्था की वजह से कई जरूरतमंद जाने से भी हिचकते हैं. ऐसे में यह सवाल उठता है कि वंचित और गरीब तबकों के लिए सरकार जो व्यवस्था करने का दावा करती है, वह अगर सच नहीं होती, तो इसके लिए कौन जवाबदेह है!

जनकल्याण के सिद्धांतों पर आधारित शासन व्यवस्था में एक लोकतांत्रिक सरकार को अपनी ओर से पहल करके कमजोर, वंचित और लाचार लोगों के लिए जरूरत पड़ने पर विशेष व्यवस्थाएं करनी चाहिए. एक रपट के मुताबिक अकेले दिल्ली और आसपास के इलाकों में करीब तीन लाख ऐसे लोग हैं, जो कड़ाके की ठंड, तपती गर्मी और बरसात के दिनों में खुले आसमान के नीचे वक्त गुजारते हैं और उसके थपेड़े सहते रहते हैं. रैन बसेरों या आश्रय गृहों के रूप में सरकार जो व्यवस्था करती है, वह इतनी अपर्याप्त होती है कि ज्यादातर लोग उस तक पहुंच भी नहीं पाते.

कई बार रैन बसेरे या आश्रय गृहों में फैली अव्यवस्था, गंदगी, असुरक्षा और अराजकता का आलम भी लोगों को उससे दूर करती है. इतना तय है कि बढ़ती सर्दी और तापमान में गिरावट के साथ बेघर लोगों के सामने खुद को बचाने का संकट ज्यादा गहरा होगा. ठंड की मार से लोगों की परेशानी में बढ़ोतरी हो, इससे पहले क्या यह जरूरी नहीं है कि सरकार खुद इस मसले पर कोई व्यापक उपाय करे?

# कहां है दुनिया की आखिरी सड़क?

**जरा हट के**

शायद आपको किसी देश के अंदर मौजूद सबसे बड़ी सड़कों का अंतिम छोर मिल भी जाए, पर क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर दुनिया की आखिरी सड़क कौन सी होगी? ये सड़क नॉर्वे में है और इसके आगे रास्ता खत्म हो जाता है. ये इतनी कठिन सड़क है कि यहां पर लोगों को अकेले जाने से रोका जाता है!

रिपोर्ट्स के अनुसार ई-69 हाइवे नॉर्वे की आखिरी सड़क है. ये पश्चिमी यूरोप के उत्तर में है. ये हाइवे 129 किलोमीटर लंबा है और दक्षिण से उत्तर तक जाता है. उत्तर में यूरोप के आखिरी पॉइंट नॉर्थ कैप तक इसकी पहुंच है. इस सड़क के बीच में 5 टनल पड़ते हैं. ये नॉर्वे का आखिरी छोर है. पर इस सड़क के आगे कोई रास्ता भी नहीं है. ये नॉर्थ पोल के इतनी पास है कि ठंड के महीनों में सड़क पूरी तरह से बंद रहती है. इस रोड पर अकेले यात्रा करने पर मनाही है.




### बेहद कठिन है ये सड़क

इस सड़क पर चलने पर बर्फ ही बर्फ, दूर-दूर तक नजर आती है. साथ में समुद्र भी दिखाई देता है. मौसम भी इतना अजीब है कि उसकी वजह से लोगों को ड्राइविंग में भी मुश्किल होती है. गर्मी के दिनों में बारिश, आंधी-तूफान और ठंड में बर्फ से भरी होने की वजह से इस रास्ते को 2-3 घंटे से भी ज्यादा वक्त में लोग पूरा कर पाते हैं. इस सड़क का निर्माण जून 1999 में हुआ था. उससे पहले यहां तक जाने के लिए नाव ही एक मात्र जरिया था.

नॉर्वे बेहद खूबसूरत देश है, पर यहां पर 6 महीने अंधेरा होता है क्योंकि ठंड के दिनों में सूरज ही नहीं निकलता. ये देश मिड नाइट सन के लिए चर्चित है. गर्मी के दिनों में 6 महीने सूरज दिखता है, जिससे आपको लगेगा कि रात ही नहीं हुई. 1930 में इस इलाके का विकास करना लोगों ने शुरू किया था. इस उजाड़ जगह को सैलानियों के लिए उपयुक्त बनाने और टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 1934 में काम किया जाने लगा. तब जाकर यहां रेस्टोरेंट, सूविनियर शॉप भी खुल गईं. अब तो अलग-अलग देशों से लोग नॉर्थ पोल के पास मौजूद इस जगह को घूमने आते हैं.

# सच कीजिए अपने मकान का सपना

## जानें महिलाएं किन सुविधाओं का ले सकती हैं लाभ



**एक जमाना था, जब अपना घर बनाना एक ऐसा सपना था, जिसे लोग रिटायरमेंट के बाद पूरा करते थे. फिर दौर आया, नौकरी के शुरुआती कुछ सालों में ही अपना घर खरीदने का. पर, अब रियल एस्टेट की दुनिया एक और सुखद बदलाव देख रही है. जैसे-जैसे महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ रही है, वे अपना घर खरीदने के सपने को सच भी कर रही हैं. घर खरीदने वाली महिलाओं पर किए गए एक हालिया अध्ययन के अनुसार, लगभग 42 प्रतिशत महिलाएं अपने पैसों को रियल एस्टेट में निवेश करना पसंद करती हैं. वहीं लगभग 30 प्रतिशत महिलाओं ने निवेश के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट्स को चुना और केवल 17 प्रतिशत को सोने में निवेश में रुचि थी. घर खरीदने पर आपको कहां-कहां से आर्थिक लाभ मिल सकता है, आइए जानें...**

### कम ब्याज दर पर होम लोन

कई प्रसिद्ध वित्तीय संस्थाएं और बैंक विशेष रूप से महिलाओं के लिए कम ब्याज दर पर होम लोन की पेशकश कर रहे हैं. इसके अतिरिक्त, घर खरीदने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई नई योजनाएं शुरू हुई हैं. ये सुविधाएं उद्यमी, गृहिणी और कामकाजी सभी महिलाओं के लिए उपलब्ध हैं. उदाहरण के लिए, भारतीय स्टेट बैंक ने विभिन्न प्रकार की गृह ऋण श्रेणियों में महिलाओं के लिए अपनी सबसे कम ब्याज दरें अलग रखी हैं.

### गृहस्वामी के रूप में महिलाएं

भारत में कुल संपत्ति खरीद में महिलाएं अभी लगभग तीस प्रतिशत हिस्सेदारी रखती हैं. नेशनल एसोसिएशन ऑफ रियलटर्स के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020 में, पहली बार घर खरीदने वालों में 19 प्रतिशत और बार-बार घर खरीदने वालों में 17 प्रतिशत महिलाएं थीं, जबकि पहली बार घर खरीदने वालों में 11 प्रतिशत और बार-बार घर खरीदने वालों में 9 प्रतिशत अकेले पुरुष थे. इन महिला घर खरीदारों की औसत आयु 33 वर्ष है, जबकि दोबारा घर खरीदने वाली महिलाओं की औसत आयु 59 वर्ष है.

### कुछ खास योजनाएं

- SBI द्वारा उसका घर
- एचडीएफसी द्वारा वीमेन पावर
- महिला आवास ऋण

### पीएम आवास योजना के तहत लाभ

प्रधानमंत्री आवास योजना यानी पीएमएवाई के तहत पुरुष आवेदकों की तुलना में महिलाओं को अधिक प्राथमिकता दी जाती है. पी एम ए वा ई योजना के तहत कम से कम घर के एक महिला सदस्य का संपत्ति के मालिक के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है. यदि किसी महिला के पास पी एम ए वा ई योजना के तहत संपत्ति का स्वामित्व है, तो सरकार 2.67 लाख रुपये तक की सब्सिडी देने को तैयार है. अगर कोई महिला आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) या निम्न आय समूह (एलआईजी) के अंतर्गत आती है और प्रतिवर्ष 3 लाख रूपए कमाती है, तो 6 लाख रुपये तक के लोन पर लगभग 6.5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी का लाभ उठा सकती हैं. . पीएमएवाई की बदौलत, पहली बार घर खरीदने वाली महिलाओं की संख्या में काफी वृद्धि हुई है. पहली बार घर खरीदने वाले केंद्र सरकार की प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) के तहत 2.35 लाख रुपये तक की सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं. यह सब्सिडी पुरुषों और महिलाओं दोनों की मदद कर रही है.

# पहाड़ी राजमा

सर्दियों में लोग अकसर लंच के लिए कुछ चटपटी और गरमा-गरम रेसिपी बनाकर खाना चाहते हैं. जो उनके स्वाद के साथ उनकी सेहत का भी खास ख्याल रखें. ऐसी ही एक रेसिपी का नाम है पहाड़ी राजमा. बता दें, पहाड़ी राजमा उत्तराखंड की फेमस रेसिपी में से एक है. जो नॉर्मल राजमा से आकार में थोड़ी बड़ी और मोटी होती है. इस राजमा में कई तरह के पोषक तत्व मौजूद होते हैं. जो सेहत को कई फायदे देते हैं. बात अगर इसके स्वाद की करें तो, इसका स्वाद बेहद अच्छा होता है. आप इस रेसिपी को चावल और रोटी, दोनों के साथ खा सकते हैं. लेकिन चावलों के साथ यह रेसिपी खाने में ज्यादा टेस्टी लगती है.

**सामग्री**

- 2 कप रात भर पानी में भिगोए हुए राजमा
- 4 बड़े चम्मच तेल
- 1/2 कप प्याज, अदरक लहसुन पेस्ट
- 2 कटे हुए टमाटर
- 2 कटी हुई हरी मिर्च
- 1 चम्मच जीरा
- 5 लौंग



- 1 तेज पत्ता
- 1 दालचीनी का टुकड़ा
- 1 चम्मच चीनी
- नमक स्वाद के अनुसार
- 2 चम्मच कसूरी मेथी
- 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1 चम्मच धनिया पाउडर
- 1/2 चम्मच जीरा पाउडर
- 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1 छोटा चम्मच गरम मसाला

**विधि :**

पहाड़ी राजमा बनाने का तरीका

पहाड़ी राजमा बनाने के लिए सबसे पहले रात भर पानी में भिगोए हुए पहाड़ी राजमा को अच्छे से धोकर प्रेशर कुकर में 3-4 कप पानी, नमक, तेज पत्ता, लौंग, दालचीनी डालकर 4-5 सीटी आने तक पकाएं. अब एक कढ़ाई में तेल गर्म करके उसमें जीरा डालकर चटकने दें. इसके बाद कढ़ाई में बारीक कटा प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें. प्याज सुनहरा होने पर कढ़ाई में कटा हुआ अदरक, लहसुन और हरी मिर्च डालकर भूनें. इसके बाद इसमें कटे हुए टमाटर डालकर अच्छी तरह पकाते हुए टमाटर को नरम होने दें. अब कढ़ाई में हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक डालकर सभी चीजों को अच्छी तरह मिलाते हुए मसालों को तब तक भूनें जब तक मसाले तेल ना छोड़ने लगें.

# भिगोकर या भूनकर, क्या है सर्दियों में बादाम खाने का सही तरीका?

बादाम सबसे लोकप्रिय सुपरफूड में से एक है. इसके गुणों के चलते इसे ड्राई फ्रूट्स का राजा भी कहा जाता है. बचपन से ही हमें बादाम खाने के ढेरों फायदों गिना दिए जाते हैं और यही ठीक हम अपनी आने वाली पीढ़ी के साथ करते हैं, 'मुट्ठीभर बादाम खाओ और कई रोगों से मुक्ति पाओ'. दअरसल बादाम में तमाम तरह के प्रोटीन, फाइबर, ओमेगा थ्री फैटी एसिड जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो हमारे शरीर को सम्पूर्ण पोषण देने का काम करते हैं. बादाम की तासीर थोड़ी गर्म होने के चलते इन्हें हमेशा भिगोकर ही खाने की सलाह दी जाती है. हालांकि सर्दियों के मौसम में लोगों के बीच आमतौर पर ये कंफ्यूजन देखने को मिलती है कि क्या इस दौरान भी बादाम भिगोकर ही खाने चाहिए या फिर किसी अन्य तरह से. तो चलिए आज जानते हैं कि सर्दियों में बादाम खाने का सही तरीका क्या है.



### जानें क्या है सर्दियों के बादाम खाने का सही तरीका

जैसा कि हम जानते हैं कि बादाम की तासीर कुछ गर्म होती है, ऐसे में इन्हें भिगोकर खाना ही सही माना जाता है. बता दें मौसम कोई भी हो, भले ही कितनी भी ठंड हो लेकिन बादाम का सेवन भिगोकर ही करना चाहिए. कुछ लोग सर्दियों में बादाम को गर्म-गर्म भूनकर भी चबाते हैं लेकिन ऐसा आपको रोज करने से बचना चाहिए. दरअसल भुने हुए बादाम बिल्कुल दवा की तरह काम करते हैं. अगर किसी को सर्दी या खांसी जैसी कोई समस्या है तो तवे पर भूनकर हल्के गर्म बादाम का सेवन करना काफी फायदेमंद हो सकता है. लेकिन अगर आप अपनी डेली डाइट में बादाम शामिल कर रहे हैं तो आपको सर्दियों में भी भिगोकर ही इनका सेवन करना चाहिए. कभी-कभार अपनी जीभ का स्वाद बढ़ाने के लिए आप घी में बादाम भूनकर और नमक-मिर्च लगाकर खा सकते हैं लेकिन रोजाना ऐसा करने से बचें.

### सर्दियों में बादाम खाने के फायदे

मौसम चाहे कोई भी हो, बादाम खाने के फायदे कम नहीं होते. यदि सर्दियों में आप रोजाना मुट्ठीभर भीगे हुए बादाम का सेवन करते हैं तो यह आपके शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं. साथ ही इम्यूनिटी बूस्ट कर के मौसमी बीमारियों का खतरा भी कम करते हैं. इसके अलावा बैड कोलेस्ट्रॉल घटाने, वेट मैनेजमेंट, हार्ट हेल्थ, ब्रेन हेल्थ संग ओवरऑल हेल्थ को दुरुस्त रखने के भी ये काफी फायदेमंद हैं.

# फ्रीज में भी खराब हो जाती हैं सब्जियां?



### ताजगी बनाए रखने के लिए ये अपनाएं 5 ट्रिक्स

सर्दियों में हरी पत्तेदार सब्जियों का सही रखरखाव जरूरी है, क्योंकि वे जल्दी खराब हो सकती हैं. इन्हें सही तरीके से स्टोर करने के कुछ आसान उपाय हैं, जो ताजगी बनाए रखने में मदद करते हैं.

जब भी आप सब्जियां फ्रिज में स्टोर करें, तो यह सुनिश्चित करें कि उनमें कोई भी पानी न हो. गीली सब्जियां जल्दी खराब हो सकती हैं और उनमें मोल्ड या सड़न की समस्या हो सकती है. इसलिए, सब्जियों को अच्छे से धोने के बाद उन्हें सूखा लें या एक साफ कपड़े से पोंछ लें.

सब्जियों को फ्रिज में रखने से पहले अखबार का इस्तेमाल भी किया जा सकता है. अखबार नमी को सोखने में मदद करता है और सब्जियों की ताजगी को बनाए रखता है. इसे सब्जियों के नीचे या ऊपर रखें और फिर उन्हें व्यवस्थित तरीके से स्टोर करें.

सब्जियों को फ्रिज में रखने से पहले, उन्हें पेपर टॉवल या अखबार में लपेटें. यह अतिरिक्त नमी को सोखने में मदद करता है और सब्जियों को ज्यादा समय तक ताजा बनाए रखता है. खासकर उन सब्जियों को, जो जल्दी सड़ने वाली होती हैं, जैसे टमाटर और खीरा.

हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, सलाद, और धनिया को धोने के बाद फ्रिज में स्टोर करने से बचें. ऐसा करने से वे जल्दी मुरझा जाती हैं. इन सब्जियों को धोने के बजाय, फ्रिज में रखने से पहले उन्हें सूखा कर पेपर टॉवल या कपड़े में लपेटकर रखें. इससे नमी का स्तर नियंत्रित रहता है और सब्जियां ताजगी बनाए रखती हैं.

सब्जियों को फ्रिज के सबसे ठंडे हिस्से में रखें, जैसे कि फ्रीजर के पास वाले ड्रॉअर में ठंडी जगह पर रखने से सब्जियां ज्यादा समय तक ताजगी बनाए रखती हैं और जल्दी खराब नहीं होतीं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : आज किसी भी निर्णय को लेने में अपने विवेक का प्रयोग करें. परिवार के साथ जीवन सुखपूर्वक व्यतीत होगा. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. व्यवसाय ठीक चलेगा. व्ययवृद्धि होगी. विवाद को बढ़ावा न दें. दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है. पुराना रोग उभर सकता है.

**वृषभ** : स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त हो सकती है. लंबे समय से रुके कार्य पूर्ण होने के योग हैं. बड़ा लाभ हो सकता है. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है. हानि पहुंचाने के प्रयास करेंगे. प्रसन्नता रहेगी.

**मिथुन** : रुका हुआ पैसा मिलने के योग हैं. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. राजकीय सहयोग मिलेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. भाग्य का साथ मिलेगा. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. धन प्राप्ति सुगम होगी. आशंका-कुशंका रहेगी. पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा. प्रसन्नता बनी रहेगी.

**कर्क** : कोर्ट व कचहरी के काम से छुटकारा मिल सकता है. कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा. जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें.

**सिंह** : मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग कर पाएंगे. मान-सम्मान मिलेगा. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. वरिष्ठ व्यक्तियों का मार्गदर्शन लाभ में वृद्धि करेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी. निवेशादि मनोनुकूल रहेंगे. भाग्य का साथ मिलेगा.

**कन्या** : उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी. भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी. व्यय होगा. विवाद को बढ़ावा न दें. आत्मसम्मान बना रहेगा. कोई बड़ा काम तथा बाहर जाने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभदायक रहेगा. निवेश में जल्दबाजी न करें.

**तुला** : आज भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. कोई बड़ा काम हो सकता है. किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा. व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा. शेयर मार्केट में निवेश करें.

**वृश्चिक** : कोई बड़ी परेशानी आ सकती है. भागदौड़ अधिक होगी. शोक समाचार प्राप्त हो सकता है. वाणी पर नियंत्रण रखें. अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा. आय होगी. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. नौकरी में कार्यभार रहेगा. पुराना रोग उभर सकता है. आलस्य हावी रहेगा.

**धनु** : विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा. नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त हो सकता है. निवेश में जल्दबाजी न करें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा. प्रसन्नता रहेगी.

**मकर** : चोट व दुर्घटना से हानि हो सकती है. भ्रम की स्थिति बन सकती है. किसी व्यक्ति के व्यवहार से मन को ठेस पहुंच सकती है. जल्दबाजी न करें. विवाद की स्थिति नहीं बनने दें. किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा.

**कुंभ** : पूजा-पाठ में मन लगेगा. किसी साधु-संत की सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. पार्टनरों से सहयोग प्राप्त होगा. निवेश लाभदायक रहेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. भाग्य का साथ मिलेगा.

**मीन** : आर्थिक उन्नति के लिए नई नीति बनेगी. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. लंबे समय से रुके कार्य पूर्ण होने के योग हैं, प्रयास करते रहें. आय में वृद्धि होगी. मित्रों का सहयोग कर पाएंगे. प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. निवेश शुभ रहेगा.

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### 'मेरा पारा हाई हो रहा, टांग में गोली मार दूंगा', पुलिसवाले ने दी धमकी; SP ने किया लाइन हाजिर

**कैराना (शामली).** यूपी में पुलिस एनकाउंटरों को लेकर अक्सर सुर्खियां बनती हैं. इस बीच उत्तर प्रदेश पुलिस के एक मुख्य आरक्षी के कारनामे ने खाकी को शर्मसार करने का काम किया है. कैराना कोतवाली में तैनात मुख्य आरक्षी ने हमले के आरोपी को टांग में गोली मारकर गौकशी में जेल भेजने की धमकी दे दी. इसका वीडियो वायरल हो गया. हालांकि एसपी ने मुख्य आरक्षी को लाइन हाजिर करते हुए इसकी जांच सीओ को सौंपी है. गुरुवार की देर रात सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ. वायरल वीडियो में दो पुलिसकर्मी और कुछ लोग नजर आ रहे हैं. कैराना कोतवाली पर तैनात मुख्य आरक्षी मनीष कुमार, युवक से गाली-गलौज करते हुए कह रहा है कि मेरा पारा हाई हो रहा है. नाम बता दें. यही नहीं, टांग में गोली मारकर गोकशी में जेल भेज दूंगा. वायरल वीडियो कांधला रोड पर पेट्रोल पंप के कार्यालय का है. पीड़ित का नाम आफताब है. पुलिस का कहना है कि पुलिसकर्मी हमले के मामले में आरोपी को पकड़ने गई थी. वहीं, वायरल वीडियो पर एसपी ने संज्ञान लिया है. भद्र भाषा का प्रयोग करने पर मुख्य आरक्षी मनीष को लाइन हाजिर कर दिया है. इसकी जांच सीओ को सौंपी गई है.

### महिला सिपाही की थी शादी, चोरों ने खंगाल दिया घर; गहने-कैश गायब

**वाराणसी.** यूपी के वाराणसी के अनौला (टकटकपुर) में कैंट थाने की सिपाही के किराये के मकान को चोरों ने खंगाल दिया. वह अपनी शादी के लिए गोरखपुर गई हुईं थीं. सूचना पर पहुंची कैंट पुलिस ने मुआयना किया. कैंट थाने में तैनात कांस्टेबल कल्पना सिंह गोरखपुर की निवासी हैं. अनौला में किराये के मकान में रहती हैं. उनकी शादी 04 दिसंबर को गोरखपुर में थी. इसके लिए वह घर गई थीं. चोरों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर बेडरूम से गहने और रुपये पार कर दिये. शुक्रवार सुबह मकान मालिक राकेश तिवारी मीटर रीडिंग के लिए पहुंचे तो दरवाजा टूटा देखा. इसकी जानकारी उन्होंने कैंट पुलिस को दी. कल्पना सिंह ने बताया कि कमरे में गहने और 50 हजार कैश रखे थे.

### झूला झूलने के दौरान खटोले से गिरी 11 साल की छात्रा, लोहे के एंगल को पकड़ कर लटकी

**लखीमपुर (निघासन).** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में एक 11 साल की लड़की झूला झूलने के दौरान अचानक से खटोले से गिर गई और काफी देर तक झूले में अटकी रही. यह नजारा जिसने भी देखा उसकी सांसें ही अटक गईं. इससे वहां अफरा-तफरी मच गई. करीब एक मिनट तक यूं ही हवा में लटकी रही किशोरी को धीमे-धीमे झूला चलाकर सुरक्षित नीचे उतार लिया गया. सूचना पाकर पहुंचे एसडीएम, सीओ और कोतवाल ने बिना परमिशन चल रहे झूले को बंद करवा दिया.

### हाथ में फोन-कान में ईयरफोन, रील बनाने के चक्कर में गई जान; ट्रेन से कटा किशोर

**अलीगढ़.** अलीगढ़ में क्वार्सी थाना क्षेत्र के मंजूरगढ़ी स्थित अलीगढ़- बरेली रेल लाइन पर शुक्रवार को रील बना रहे दो किशोर मालगाड़ी की चपेट में आ गए, जिनमें से एक की मौत हो गई. दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है. यह दुर्घटना दोपहर करीब तीन बजे महेशपुर फाटक व मंजूरगढ़ी रेलवे स्टेशन के मध्य मालगाड़ी जा रही थी. रेलवे ट्रैक पर मोबाइल फोन से रील बना रहे क्वार्सी महेशपुर के रिहान (14) पुत्र कदीर व उसका दोस्त अली (14) पुत्र असफाक चपेट में आ गए. दोनों ही पांचवी कक्षा के छात्र थे और मदरसे में भी पढ़ाई करते थे. रिहान की मौत हो गई, जबकि अली का उपचार जारी है. इंस्पेक्टर क्वार्सी, शिशुपाल शर्मा ने कहा कि इस मामले में अब तक की जांच में पता चला है कि दोनों किशोर ट्रैक पर मोबाइल लिए हुए थे.

# बाबरी विध्वंस के समर्थन में उद्धव सेना

- भड़के अबू आजमी
- विपक्षी गठबंधन से बाहर होगी सपा



**मुंबई.** समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आजमी ने शनिवार को घोषणा करते हुए कहा है कि उनकी पार्टी ने महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (MVA) से अलग होने का निर्णय लिया है. उन्होंने शिवसेना (UBT) पर ₹हिंदुत्व एजेंडा₹ अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि इसी के चलते सपा ने इस गठबंधन से अपनी साझेदारी पर पुनर्विचार करने का फैसला किया. बता दें कि अबू आजमी सपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख हैं.

आजमी ने आरोप लगाया कि महाविकास आघाड़ी में सीट बंटवारे और चुनाव प्रचार के दौरान कोई तालमेल नहीं था. उन्होंने कहा, ₹विधानसभा चुनाव में हार के बाद शिवसेना (UBT) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से आंतरिक बैठक में कहा कि वे हिंदुत्व एजेंडा को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाएं.₹

इसके अलावा, अबू आजमी ने 6 दिसंबर को शिवसेना (UBT) द्वारा सोशल मीडिया पर बाबरी मस्जिद विध्वंस के पक्ष में पोस्ट किए गए संदेश को लेकर गहरी नाराजगी जताई. अबू आजमी ने कहा, "शिवसेना (उबाठा) द्वारा बाबरी मस्जिद को ढहाए जाने के लिए लोगों को बधाई देते हुए एक अखबार में विज्ञापन दिया गया था. उनके (उद्धव ठाकरे के) सहयोगी ने भी मस्जिद को ढहाये जाने की सराहना करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया है."

आजमी ने कहा, "हम एमवीए छोड़ रहे हैं. मैं (समाजवादी पार्टी अध्यक्ष) अखिलेश सिंह यादव से बात कर रहा हूं." शिवसेना (उबाठा) के विधान पार्षद मिलिंद नार्वेकर ने बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की घटना पर पोस्ट किया था, जिसके जवाब में सपा ने यह कदम उठाया. नार्वेकर ने मस्जिद ढहाए जाने की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसके साथ ही शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे का कथन लिखा, "मुझे उन लोगों पर गर्व है जिन्होंने यह किया." शिवसेना (उबाठा) सचिव ने पोस्ट में उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और खुद की तस्वीरें भी पोस्ट कीं. आजमी ने कहा, "अगर एमवीए में कोई भी ऐसी भाषा बोलता है, तो भाजपा और उनके बीच क्या अंतर है? हमें उनके साथ क्यों रहना चाहिए?"

गौरतलब है कि महाविकास आघाड़ी गठबंधन में शिवसेना (UBT), शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (SP), और कांग्रेस प्रमुख दल हैं. समाजवादी पार्टी ने 2019 में गठबंधन का हिस्सा बनने का फैसला किया था, लेकिन अबू आजमी के इस बयान से गठबंधन में दरार स्पष्ट हो गई है. महाराष्ट्र विधानसभा में समाजवादी पार्टी के दो विधायक हैं. MVA दलों की ओर से इस मुद्दे पर अभी तक कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है.

# अजित पवार की 1,000 करोड़ की जब्त संपत्ति रिलीज होगी

- ट्रिब्यूनल बोला- बेनामी लेनदेन नहीं हुआ
- आयकर विभाग ने 2021 में सीज की थी



**नई दिल्ली.** महाराष्ट्र के डिप्टी CM पद की छठी बार शपथ लेने के 2 दिन बाद अजित पवार की जब्त बेनामी संपत्ति रिलीज करने का आदेश आ गया. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली के आयकर विभाग ट्रिब्यूनल ने पवार की 1 हजार करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को फ्री कर दिया है.

7 अक्टूबर 2021 में छापेमारी के दौरान IT डिपार्टमेंट ने इन संपत्तियों को जब्त किया था. इसमें अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार और बेटे पार्थ पवार की भी संपत्तियां हैं.

ट्रिब्यूनल ने संपत्तियां मुक्त करने का आदेश सुनाते हुए कहा- संपत्तियों को लेकर कोई गैरकानूनी हेरफेर होने का सबूत IT डिपार्टमेंट पेश नहीं कर पाया है. बेनामी लेन-देन की बात भी स्पष्ट नहीं हो पाई है. सभी ट्रांजेक्शन बैंकिंग सिस्टम के जरिए हुए हैं.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रिब्यूनल अपना रुख पहले ही स्पष्ट कर चुका था, लेकिन 5 नवंबर 2024 को IT डिपार्मेंट ने फिर से याचिका लगाकर पुनर्विचार की अपील की थी. कोर्ट ने IT की पुनर्विचार वाली अपील भी खारिज कर दी है.

IT डिपार्टमेंट ने बेनामी संपत्ति रोकथाम अधिनियम के तहत मुंबई में अजित पवार और उनके करीबियों के घरों और ऑफिस की तलाशी ली थी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सभी संपत्तियां सीधे अजित पवार के नाम पर रजिस्टर्ड नहीं थीं.

- 30 से ज्यादा संपत्तियां सीज हुई थीं
- 400 करोड़ से ज्यादा मार्केट वैल्यू की जरंदेश्वर शुगर फैक्ट्री.
- साउथ दिल्ली में स्थित 20 करोड़ रुपए का फ्लैट.
- पार्थ पवार का निर्मल ऑफिस. इसकी कीमत 25 करोड़ रुपए थी.
- 'गोवा में 250 करोड़ रुपए का 'निलय' रिसॉर्ट.
- पुणे, मुंबई समेत महाराष्ट्र की 27 अलग-अलग जगहों की जमीन.

### अजित पवार की 124 करोड़ रुपए की नेटवर्थ

- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग को सौंपे हलफनामे में अजित पवार ने अपनी नेटवर्थ 124 करोड़ रुपए बताई थी.
- उनके परिवार के पास कुल कैश 14.12 लाख रुपए है. वहीं तमाम बैंकों के अकाउंट्स में 6.81 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जमा है.

# INDIA ब्लॉक मैंने बनाया मौका मिला तो लीड करूंगी

- सपा और शिवसेना-UBT ने समर्थन किया
- भाजपा बोली- विपक्ष को राहुल पर भरोसा नहीं



**नई दिल्ली.** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरियाणा-महाराष्ट्र और उपचुनावों में INDIA ब्लॉक के खराब प्रदर्शन को लेकर नाराजगी जताई है. उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने INDIA गठबंधन बनाया. इसका नेतृत्व करने वाले इसे ठीक से नहीं चला सकते, तो मुझे मौका दें. मैं बंगाल से ही गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हूं.'

ममता बनर्जी के बयान का शिवसेना (UBT) के सांसद संजय राउत और समाजवादी पार्टी (SP) ने समर्थन किया है. राउत ने शनिवार को कहा, 'हम भी चाहते हैं कि वे विपक्षी INDIA गठबंधन की प्रमुख भागीदार बनें. चाहे वह ममता बनर्जी हों, अरविंद केजरीवाल हों या शिवसेना, हम सभी एक साथ हैं. हम जल्द ही कोलकाता में ममता बनर्जी से बात करने जाएंगे.'

वहीं, सपा नेता उदयवीर सिंह ने भी ममता बनर्जी के बयान का समर्थन किया. उन्होंने शनिवार को कहा, 'लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 सीटों में से सपा ने 37 सीटें जीतीं. पश्चिम बंगाल में TMC ने 42 सीटों में से 29 सीटें जीतीं. भाजपा को इन दो राज्यों में 35 सीटों का नुकसान हुआ. सभी दल सहमत हों तो सपा ममता का समर्थन करेगी.'

भाजपा ने INDIA गठबंधन में नेतृत्व को लेकर ममता के बयान पर कहा- विपक्ष के नेताओं को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है. वे अब भी राहुल को राजनीति का कच्चा खिलाड़ी समझते हैं. विपक्ष में कई लोग हैं जो राहुल को राजनीतिक तौर पर विफल मानते हैं.

चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की मदद लेने के सवाल पर ममता ने कहा- कुछ रणनीतिकार घर बैठे सर्वे करते हैं और बाद में सर्वे को बदल देते हैं. वे चीजों की प्लानिंग कर सकते हैं, व्यवस्थित कर सकते हैं, लेकिन वोटर्स को बूथ पर नहीं ला सकते.

# रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को जान से मारने की धमकी

- बदमाशों ने मैसेज कर मांगी 50 लाख रुपए रंगदारी
- दिल्ली से झारखंड तक पुलिस एक्टिव



**रांची.** रांची के सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को धमकी मिली है. अपराधियों ने उनके फोन पर मैसेज कर 50 लाख रुपए देने की मांग की है. भेजे गए मैसेज में अपराधियों ने तीन दिन के भीतर पैसे देने को कहा है, नहीं तो परिणाम भुगतने को तैयार रहने की बात कही है. संजय सेठ संसद के शीतकालीन सत्र में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली में थे, उसी दौरान उन्हें धमकी भरा मैसेज मिला है.

धमकी भरा मैसेज मिलने के बाद संजय सेठ ने इसकी जानकारी दिल्ली पुलिस को दी. जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया. आनन-फानन में दिल्ली पुलिस कमिश्नर और दूसरे आला अधिकारी संजय सेठ के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली.

दिल्ली पुलिस ने प्रारंभिक जांच करते हुए बताया कि धमकी भरा यह मैसेज रांची से ही आया है. जांच के क्रम में पता चला है कि रांची के होसिर से मैसेज भेजा गया है. इसके बाद दिल्ली पुलिस ने झारखंड DGP को पूरा मामला बताया.

# केंद्र सरकार ने तमिलनाडु को 944 करोड़ की मदद भेजी

- फेंगल तूफान के भरपाई के लिए सीएम स्टालिन ने केंद्र से 2,000 करोड़ मांगे थे



**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को तमिलनाडु सरकार को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) में से 944 करोड़ रुपए की सहायता की मंजूरी दी. तमिलनाडु में 30 नवंबर को आए तूफान फेंगल ने राज्य को बहुत प्रभावित किया. केंद्र सरकार ने इंटर मिनिस्ट्रियल सेंट्रल टीम को भी तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में फेंगल से हुई तबाही का जायजा लेने के लिए भेजा था.

गृह मंत्रालय ने कहा- आईएमसीटी की रिपोर्ट्स मिलने के बाद आपदा प्रभावित राज्यों को राष्ट्रीय आपदा राहत कोष में से अतिरिक्त वित्तीय सहायता राशि दी जाएगी. तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन ने 2 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखकर राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (NDRF) से 2 हजार करोड़ रुपये की अंतरिम सहायता मांगी थी.

### केंद्र से 28 राज्यों को सहायता मिली

- केंद्र सरकार ने 2024 में 28 राज्यों को 21718.716 करोड़ रुपए की सहायता दी है, इसमें से 26 राज्यों को राज्य आपदा राहत कोष में से 14878.40 करोड़ रुपए और 18 राज्यों को राष्ट्रीय आपदा राहत कोष में से 4808.32 करोड़ रुपए दिए गए हैं.
- इसके अलावा 11 राज्यों को राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष में से 1385.45 करोड़ रुपए और 7 राज्यों को राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष में से 646.546 करोड़ रुपए की राशि दी गई है.

# MP में 12वीं के छात्र ने प्रिंसिपल की हत्या की

- पिता से शिकायत करने पर स्कूल में गोली मारी
- कहा था- अपने बेटे को संभाल लो



**छतरपुर.** मध्य प्रदेश के छतरपुर में 12वीं के छात्र ने प्रिंसिपल सुरेंद्र कुमार सक्सेना की स्कूल में गोली मारकर हत्या कर दी. उनकी मौके पर ही मौत हो गई. मामला शुक्रवार दोपहर 1 बजे धमौरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल का है. वारदात के बाद आरोपी छात्र प्रिंसिपल की स्कूटी लेकर भाग निकला. पुलिस ने वारदात के कुछ घंटे बाद आरोपी छात्र को नौगांव से पकड़ा.

बताया जा रहा है कि प्रिंसिपल ने छात्र के पिता को कई बार बुलाकर शिकायत की थी. कहा था कि आपका बेटा अनुशासनहीन है. इसे संभाल लो. तब से ही वह प्रिंसिपल से नाराज था. आरोपी पिछले एक सप्ताह से कट्टा लेकर स्कूल में आ रहा था. उसने सभी को धमकाया था. उसने कहा था कि प्रिंसिपल और जिस टीचर ने मेरे परिवार से शिकायत की है, उन्हें जान से मार दूंगा. पुलिस पूछताछ में स्कूल के छात्रों ने बताया कि आरोपी स्कूल में छात्राओं पर कमेंट कर छेड़छाड़ करता था. इसकी शिकायत छात्राओं ने टीचर और प्रिंसिपल से की थी. प्रिंसिपल ने छात्र को सख्ती से समझाया था, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था. इस पर प्रिंसिपल ने उसके परिजनों को स्कूल बुलाकर बेटे की शिकायत की थी. उसने टीचर के समझाने पर उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी थी.


## उल्हासनगर महानगरपालिका
### वैद्यकीय आरोग्य विभाग

बेटी बचाओ
save the girl child

जा.क्र.उमपा/आवि/वै.आ.अ.का/ ९३८/२०२४, दि. ०३/१२/२०२४

### सुचना

उल्हासनगर महानगरपालिका कार्यक्षेत्रामध्ये दिनांक ०८/१२/२०२४ रोजी उपराष्ट्रीय पल्स पोलिओ लसीकरण मोहीम राबविण्यात येणार आहे. या मोहीमे मध्ये ० ते ५ या वयोगटातील बालकांना पोलिओची लस देण्यात येणार आहे. तद्नंतर दि. ०९/१२/२०२४ ते १३/१२/२०२४ या कालावधीमध्ये घरोघरी जाऊन दि. ०८/१२/२०२४ रोजी वंचित राहिलेले बालकांना पोलिओची लस देण्यात येणार आहे.

तरी उल्हासनगर महानगरपालिका कार्यक्षेत्रातील जनतेस जाहीर आवाहन करण्यात येते की, आपल्या जवळच्या बुथवर जावून आपल्या बाळाला पल्स पोलिओची लस अवश्य दयावी.

सही/-
(डॉ. मोहिनी धर्मा)
वैद्यकीय आरोग्य अधिकारी
उल्हासनगर महानगरपालिका

जा.क्र. उमपा / पीआरओ/445/2028
दिनांक :- 05/12/2028


# चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल में ही होगी : PTI ने कन्फर्म किया

**भारत-पाकिस्तान मैच दुबई में; टूर्नामेंट फरवरी में शुरू होगा**



चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल में होगी और तय समय पर ही होगी. पाकिस्तान भी 2 देशों में होस्टिंग के लिए मान गया. भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मैच 1 मार्च को दुबई में हो सकता है. UAE में ही भारत अपने सभी मैच खेलेगा, यहां 2 नॉकआउट मैच भी होंगे.

न्यूज एजेंसी PTI के अनुसार, वेन्यू के लिए ICC ने आज दुबई में मीटिंग रखी थी, इस मीटिंग में वेन्यू फाइनल हुआ. हालांकि, ICC ने अब तक इसे कन्फर्म नहीं किया है. चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी से शुरू होनी है. टूर्नामेंट का डीटेल्ड शेड्यूल 7 दिसंबर तक रिलीज किया जा सकता है. पाकिस्तान टूर्नामेंट का डिफेंडिंग चैंपियन है, टीम ने 2017 में भारत को फाइनल हराकर खिताब जीता था.

### सभी 15 मेंबर्स हाइब्रिड मॉडल के लिए माने

ICC के नए चेयरमैन जय शाह की मौजूदगी में गुरुवार शाम 5 बजे सभी बोर्ड मेंबर्स की मीटिंग हुई. शाह आज ही दुबई स्थित हेड क्वार्टर भी पहुंचे थे. मीटिंग में सभी 15 बोर्ड मेंबर्स हाइब्रिड मॉडल के लिए मान गए. पाकिस्तान ने भी मीटिंग में फैसले का विरोध नहीं किया.

### 15 में से 5 मैच UAE में होंगे

8 टीमों के बीच 15 मैच का टूर्नामेंट फरवरी से शुरू होकर मार्च तक होना है. भारत अपने तीनों ग्रुप स्टेज मैच UAE में खेलेगा. यहां एक सेमीफाइनल और फाइनल भी खेला जाएगा. जबकि, टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में होंगे. PCB ने मीटिंग में 4-5 मांगें रखीं, लेकिन ICC ने ज्यादातर मांगों को ठुकरा दिया.

# संसद में सिंघवी की सीट से 50 हजार कैश मिला

- सभापति धनखड़ ने बताया तो खड़गे बोले- नाम लेना ठीक नहीं; भाजपा बोली- जांच हो

**नई दिल्ली.** राज्यसभा में 500 रुपए का बंडल (50 हजार रुपए) मिलने पर शुक्रवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ. उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट से नोटों की गड्डी मिली थी. भाजपा ने जांच की मांग की. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- जांच से पहले किसी का नाम लेना ठीक नहीं है.

धनखड़ ने कहा कि, 'कल (गुरुवार) सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने हमें जानकारी दी कि सीट नंबर 222 से कैश मिला है. यह सीट तेलंगाना से सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को अलॉट की गई है. इस मामले में नियमों के मुताबिक जांच होनी चाहिए और यह हो भी रही है.'

धनखड़ के बयान पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'मैं अनुरोध करता हूं कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती और घटना की प्रामाणिकता स्थापित नहीं होती, तब तक किसी सदस्य का नाम नहीं लिया जाना चाहिए. ऐसा चिल्लर काम करके ही देश को बदनाम किया जा रहा है.'

# खान सर को पुलिस ने हिरासत में लिया

**पटना.** BPSC की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन के विरोध में शुक्रवार शाम छात्रों ने आयोग के दफ्तर में जमकर प्रदर्शन किया. इस प्रदर्शन में पटना के फेमस टीचर खान सर भी छात्रों के सपोर्ट में शामिल हुए, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया. उन्हें पटना के गर्दनीबाग थाने में ले जाया गया. हालांकि, डेढ़ घंटे बाद उन्हें छोड़ दिया गया. बिहार DSP अनु कुमारी ने कहा कि अनुमति के बगैर प्रदर्शन अवैध है. इसलिए कार्रवाई की गई है. खान सर के बाद रहमान सर को भी पुलिस ने हिरासत में लयिा, जिन्हें एक घंटे बाद छोड़ दिया गया.


## उल्हासनगर महानगरपालिका
### वैद्यकीय आरोग्य विभाग
### उप राष्ट्रीय पल्स पोलिओ लसीकरण मोहिम



### पोलिओ रविवार
### दि. 8 डिसेंबर, 2024.

**आपल्या ५ वर्षाच्या आतील बालकांना रविवार दि. 8 डिसेंबर, 2024 रोजी पल्स पोलिओचा डोस नजीकच्या बुथवर अवश्य द्या.**

बालके म्हणजेच देशाची भावी पिढी, ही भावी पिढी अधु व अपंग होऊ नये याकरिता पल्स पोलिओ डोस आवश्यक आहे.

- ✔ या दिवशी ५ वर्षाच्या आतील बाळाला पोलिओ डोस अवश्य पाजा.
- ✔ या पुर्वी कितीही डोस दिले असला तरीही
- ✔ बाळ नुकतेच जन्मलेले असलेले तरीही
- ✔ बाळ आजारी असल्यास वैद्यकीय अधिकारी यांच्या सल्ल्यानेच डोस द्यावा.

पल्स पोलिओ डोस मुळे बालकास अपाय होणार नसुन फायदाच होणार आहे. वय वर्षे ० ते ५ वयोगटातील प्रत्येक बालक संरक्षित करणे आवश्यक आहे.

श्री. विकास ढाकणे
प्रशासक तथा आयुक्त
उल्हासनगर महानगरपालिका

जा.क्र. उमपा / पिआरओ / 444/2024
दिनांक 03/12/2024

**संक्षेप...**

### सिध्देश्वर तालाब परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के उथलसर प्रभाग समिति के सिद्धेश्वर तालाब परिसर में सर्वंकष स्वच्छता अभियान व्यापक पैमाने पर किया गया. उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के संकल्पना के अनुसार शुरू सर्वंकष स्वच्छता मुहिम में बड़ी सड़के, चौक, झोपड़पट्टी आदि का साफ सफाई किया गया. मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार झोपडपट्टी परिसर के अंतर्गत रस्ते, गटर, सार्वजनिक शौचालय आदि का स्वच्छता अभियान किया गया.साथ ही अतिक्रमण विभाग की ओर से सड़कों पर से अतिक्रमण को हटाया गया. घनकचरा व्यवस्थापन विभाग,अतिक्रमण विभाग व उथलसर प्रभाग समिती परिसर में गटर सार्वजनिक शौचालय आदि का स्वच्छता अभियान किया गया.

# महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के विधायकों का शपथ से वॉकआउट

- **आदित्य ठाकरे बोले- हमें EVM पर शक**
- **अजित बोले- चुनाव आयोग जाएं**



**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा का 3 दिन चलने वाला स्पेशल सेशन शनिवार को शुरू हुआ. प्रोटेम स्पीकर ने सबसे पहले सीएम देवेंद्र फडणवीस, दोनों डिप्टी CM एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने विधायक पद की शपथ दिलाई. आज सभी 288 विधायकों को शपथ लेनी थी. विपक्ष के सिर्फ दो विधायक ही शपथ ले पाए थे, तभी विपक्ष ने सेशन का वॉकआउट किया.

शिवसेना (UBT) के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा- हमने फैसला किया है कि हमारे विधायक आज शपथ नहीं लेंगे. अगर ये जनता का जनादेश होता तो लोग खुश होते और जश्न मनाते, लेकिन इस जीत का कहीं भी लोगों ने जश्न नहीं मनाया. हमें EVM पर शक है.

विपक्ष के वॉकआउट पर डिप्टी CM अजित पवार ने कहा, चुनाव हुआ है और लोगों ने हमें जिताया है. अभी वॉकआउट करने से कुछ नहीं होने वाला है. अगर उनको कुछ करना है तो चुनाव आयोग के पास जाना चाहिए.

- **9 दिसंबर को चुना जाएगा विधानसभा अध्यक्ष**

6 दिसंबर को विधायक कालिदास कोलंबकर को विधानसभा के विशेष सत्र के लिए प्रोटेम स्पीकर चुना गया था. उन्हें गवर्नर सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन में शपथ दिलाई. आज उन्होंने अन्य विधायकों को शपथ दिलाई है.

9 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष चुना जाएगा. इसके लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और भाजपा विधायक सुधीर मुनगंटीवार का नाम चर्चा में है. हालांकि, चर्चा ये भी है कि राहुल नार्वेकर नई सरकार में मंत्री बनना चाहते हैं, ऐसे में सुधीर मुनगंटीवार अध्यक्ष पद के लिए मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं.

विधायकों की शपथ और अध्यक्ष के चुनाव के बाद 9 दिसंबर को ही राज्यपाल का अभिभाषण होगा. नई विधानसभा का शीतकालीन सत्र नागपुर में 16 से 21 दिसंबर तक चलेगा. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 5 दिसंबर को शपथ के बाद कहा था कि शीतकालीन सत्र से पहले नए मंत्रिमंडल की घोषणा कर दी जाएगी.

## आग से घरेलू सामान जलकर राख





उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी तालुका कवाड गांव स्थित मकान में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे लगी भीषण आग की वजह से घर में मौजूद तमाम घरेलू सामान, राशन, कपड़ा आदि जलकर राख हो गया. घर की ऊपरी छत लकड़ी की होने से भीषण आग से लकड़ी की छत जलकर नीचे गिरी जिससे समस्त सामान आग की भेंट चढ़ गया.आग की चपेट में आकर सब कुछ जल गया यहां तक कि,घर में कुछ भी नहीं बचने से लोग जीवन सुरक्षा की चिंता को लेकर विलाप करते देखे गए.

मिली जानकारी के अनुसार, अग्निकांड से पीड़ित किसान वामन बाबू जाधव परिवार के सभी सदस्य घर बंद कर खेती में कार्य करने गए थे जिससे कोई अनहोनी घटित नहीं हुई.सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची फायर कर्मियों की टीम ने घर में रखे हुए गैस सिलेंडर को सुरक्षित बाहर निकाल कर भारी हादसा होने से बचाया और कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में कामयाबी हासिल की.

# टैक्स वसूली की सख्ती से सकते में बकायेदार

- **मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने अधिकारियों को दिया वसूली का टार्गेट**

उल्हास विकास संवाददाता




**भिवंडी.** भिवंडी मनपा प्रशासक एवं आयुक्त अजय वैद्य ने टैक्स विभाग को मार्च 2025 तक 100% कर वसूली का लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया है. निर्देश के बाद कर विभाग ने बड़े बकायादारों पर जप्ती और नीलामी जैसी कड़ी कार्रवाई तेजी से शुरू की है जिससे बकाएदार सकते में हैं. टैक्स वसूली अभियान कर विभाग प्रभारी उपायुक्त शैलेश दोंदे, सहायक आयुक्त (कर) सुधीर गुरव, कर मूल्यांकन अधिकारी गिरीधर घोष्टेकर द्वारा चलाया जा रहा है. गौरतलब हो कि, टैक्स विभाग ने विधानसभा चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही वसूली अभियान तेज किया है.मनपा क्षेत्र अंतर्गत 83 बड़े बकायादारों की संपत्तियों पर जप्ती की कार्रवाई कर 28 संपत्तियों से 49 लाख 58 हजार 938 रुपये वसूले गए हैं. 55 संपत्तियों के प्रापर्टी टैक्स अगर बकाया टैक्स जमा नहीं करेंगे तो उनकी संपत्तिया भी नीलाम की जाएगी. अनधिकृत रूप से नल कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ आर्थिक धोखाधड़ी के तहत आपराधिक प्रकरण पुलिस स्टेशन में दाखिल होगा. मनपा ने 2024-2025 वित्तीय वर्ष के दौरान बकायादारों को राहत देने के लिए 'अभय योजना 2024-2025' के तहत 2 चरणों में ब्याज माफी योजना शुरू की बावजूद कई बकायादारों ने कर भुगतान नहीं किया.ऐसे बकायादारों पर अब महाराष्ट्र मनपा अधिनियम, 1949 के तहत जप्ती की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं.

**कर भुगतान कर अप्रिय एक्शन से बचें**



आयुक्त अजय वैद्य ने नागरिकों, दुकानदारों,व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रमुखों से अपील की है कि वे अपनी संपत्तियों का बकाया कर जल्द से जल्द स्थानीय मनपा कार्यालय में जमा करें और प्रापर्टी जप्ती से बचें.

## ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ की ओर से डॉ. बाबासाहेब को विनम्र अभिवादन

- **समतामूल विचार का प्रचार- प्रसार करने की जबाबदारी हमारी -आयुक्त सौरव राव**



**ठाणे.** मनपा मुख्यालय पर स्थित पत्रकार कक्ष में महापरिनिर्वाण दिवस पर दैनिक पत्रकार संघ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मनपा आयुक्त सौरभ राव ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को अभिवादन करते हुए कहा कि बाबासाहेब ने देश को केवल संविधान ही नहीं दिया बल्कि सामाजिक,समता व बंधुत्व का विचार भी दिया.आज के दिन उनके विचार को तेज गति से प्रसार करने की जिम्मेदारी हमारी है. इस अवसर पर ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष आनंद कांबले ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का अभिवादन किया. अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त मनिष जोशी, बिरारी, गोदापुरे आदि उपस्थित थे.

### क्लस्टर को लेकर मानपाड़ा, मनोरमा नगर, आजाद नगर के निवासियों के साथ बैठक

**ठाणे.** मानपाड़ा, मनोरमा नगर व आजाद नगर के रहिवासियों के साथ क्लस्टर के विषय में एक बैठक आयोजित किया गया. मनपा क्षेत्र के अंतर्गत बहुमंजिला इमारतों व मलिन बस्तियों के विकास को लेकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के प्रयास से सामुहिक विकास योजना लागू करने वाला राज्य का पहली मनपा है. मनपा आयुक्त सौरभ राव के मार्गदर्शन में मनपा ने इस योजना का क्रियान्वयन शुरू कर दिया है. अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे ने क्लस्टर कार्यालय में मानपाडा, मनोरमा नगर और आजाद नगर के रहिवासियों को योजना के बारे में पूरी जानकारी देकर मार्गदर्शन किया.इस बैठक में उपस्थित नागरिकों व एकता संघ ग्राम बचाव कार्य समिति के पदाधिकारियों के मन में व्याप्त शंकाओं को दूर किया गया.योजना की अवधारणा के संबंध में नागरिकों ने संतोष व्यक्त किया है. साथ ही योजना में पूरा सहयोग देने के लिए कहा.

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर में सीवाई टीबी परीक्षण अभियान का उद्घाटन



**बदलापुर.** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर में 4 दिसंबर को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे द्वारा गुप्त तपेदिक के शीघ्र निदान के लिए CY टीबी परीक्षण अभियान का उद्घाटन किया गया.

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे के अनुसार, इस परीक्षण से अधिकतम संख्या में संदिग्ध तपेदिक रोगियों का विश्वसनीय निदान करने और उन्हें तपेदिक से पूरी तरह ठीक करने में मदद मिलेगी.

इस अवसर पर जिला मातृ एवं शिशु देखभाल अधिकारी डॉ. स्वाति पाटिल, जिला समाज कल्याण अधिकारी उज्वला सपकाले, जिला क्षय रोग चिकित्सा अधिकारी डॉ. तारुलता धानके, डॉ. अर्चना मोहिते, तालुका स्वास्थ्य अधिकारी पंचायत समिति अंबरनाथ डॉ. प्रशांत कनोजा, चिकित्सा अधिकारी प्रो. आना केन्द्र बदलापुर डॉ. अश्विनी वाने, चिकित्सा अधिकारी प्रो. आना केन्द्र बदलापुर डॉ. केतकी गायकवाड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

आशा स्वयंसेवक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर संजीवनी पाटिल द्वारा बनाई गई स्वास्थ्य शिक्षा रंगोली कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण थी.

### हल्के मालवाहक वाहनों का फेसलेस पंजीकरण सेवा 28 नवंबर से शुरू

**ठाणे.** हल्के माल वाहनों (3W/4W) की फेसलेस पंजीकरण सेवा 28 नवंबर से लागू की गई है.उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कल्याण आशुतोष बारकुल ने बताया है कि इस सुविधा सभी संबंधित वाहन डीलरों के पास उपलब्ध है और संबंधित कार्यवाही वेबसाइट www.parivahan.gov.in पर की जाएगी.महाराष्ट्र राज्य परिवहन आयुक्त ने हल्के माल वाहनों (3W/4W) की फेसलेस पंजीकरण सेवा शुरू करने का निर्देश दिया है. तदनुसार, यह सेवा पूरी तरह से फेसलेस है और वाहन डीलर वेबसाइट www.parivahan.gov.in पर वाहन मालिक के वाहन पंजीकरण के लिए आवेदन करके वाहन पंजीकरण शुल्क और वाहन कर का भुगतान कर सकता है. परिपत्र दिनांक 27 नवंबर के अनुसार उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बारकुल ने जानकारी दी.

**आम सूचना**

मैं श्रीमती रेश्मा महेशलाल छाबरिया सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, सह्याद्री नगर, ब्लाक नं. ए-733 के पास, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 53डीओ020660300) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती आरती बाबू कारडा उर्फ आरती ईश्वर कारीरा के नाम पर है. उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 3.12.2024 सी.नं. 296 द्वारा मैंने खरीदी है. जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं. अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं. अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है.

सही/-
**श्रीमती रेश्मा महेशलाल छाबरिया**

**आम सूचना**

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती उषा मारुती क्षिरसागर सभी को सूचित कर रही हूं कि मेरे पति श्री. मारुति शंकर क्षीरसागर का देहांत 5 अगस्त 2024 को हो गया है. उनके नाम पर ऑटो रिक्शा नं. एमएच05 सीजी 0046 है और परमिट नं. 39921/एमएच05/यूएनआर जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त ऑटो रिक्शा पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित के 14 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं. अन्यथा रिक्शा नं. एमएच05 सीजी 0046 मेरे श्रीमती उषा मारुती क्षीरसागर के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्रीमती उषा मारुती क्षीरसागर**
संतोष नगर, ओटी सेक्शन, शिवसेना शाखे जवळ, उल्हासनगर-4

## एसएसटी महाविद्यालय के विद्यार्थियों का बॉल बैडमिंटन स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में ठाणे टीम का पराक्रम**





**उल्हासनगर.** मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा कणकवली में आयोजित बॉल बैडमिंटन स्पर्धा में एसएसटी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ठाणे टीम के लिए गौरव प्राप्त किया. बालिकाओं के समूह में ठाणे टीम ने पहला स्थान हासिल किया. इस टीम में एसएसटी महाविद्यालय की गोल्डी पांडे, राधा पांडे, और हिमानी परसेडिया का योगदान था. वहीं, बालकों के समूह में ठाणे टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. इस टीम में एसएसटी के सुजय पळव, मयंक जगताप, रोशन गुप्ता, नारायण गुप्ता, और पवन भोईर शामिल थे.

इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य, खेल विभाग, अन्य प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी. इस प्रतियोगिता से विद्यार्थियों की मेहनत और कौशल को उचित पहचान मिली है. खिलाड़ियों की इस सफलता से महाविद्यालय का नाम रोशन हुआ है और यह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ है. महाविद्यालय ने भविष्य में भी विद्यार्थियों का इसी प्रकार मार्गदर्शन करने का संकल्प व्यक्त किया.

## डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिन पर जिला परिषद में अभिवादन

उल्हास विकास संवाददाता



**ठाणे.** जिलापरिषद के सभागृह में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिन के उपलक्ष्य में उप मुख्य कार्यकारी (सा. प्र) अविनाश फडतरे के हाथों से हार फूल अर्पण कर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को विनम्र अभिवादन किया गया.इस अवसर पर मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी वैजनाथ बुरडकर, पशुसंवर्धन विभाग प्रमुख डॉ. समीर तोडणकर, कृषी विकास अधिकारी एम. एम. बाचोटीकर, उप मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी अंजली अंबेकर सहित जिलापरिषद के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सर्वसामान्य नागरिक के हक्क के लिए लड़ाई लड़ी और अपना पूरा जीवन लोककल्याण के लिए खर्च किया.जिला परिषद के शिक्षण,स्वास्थ्य व विविध योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में कोई भी वंचित नहीं रह सके यह उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविनाश फड़तरे ने आवाहन किया.बाबासाहेब ने शिक्षा ग्रहण करने के लिए दिनभर में 18 घंटे अभ्यास किया और प्रत्येक समाज के कल्याण के लिए काम किया.यह बात मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी वैजनाथ बुरडकर ने कहा. शिक्षण संवाद विशेषज्ञ प्रमिला सोनावणे ने भिम स्मृती गीत प्रस्तुत किया और सहायक प्रशासन अधिकारी मनोर शेजवल ने बुध्द वंदना प्रस्तुत कर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का अभिवादन किया.

**आम सूचना**

मैं श्री जयराम रामाश्री राजपूत सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम पोर्शन, बैरक नं. 1896 के पास, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 58डीओ012201600(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री संतराम रामाश्री राजपूत के नाम पर है. उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 27.2.2023 द्वारा मुझे दी है. जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं. अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं. अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है.

सही/-
**श्री जयराम रामाश्री राजपूत**

**आम सूचना**

मैं श्री जॉन जोसेफ डिक्रूज सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, ब्राह्मणपाडा, एफ-10, श्री कृष्णा कॉलोनी, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 50डीआय010873500) उक्त प्रॉपर्टी श्री स्टीपेन जोसफ डिक्रूज के नाम पर है. उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 30.11.2024 द्वारा मुझे दी है. जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं. अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं. अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है.

सही/-
**श्री जॉन जोसेफ डिक्रूज**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती ममता महेंद्रप्रताप सिंह सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 1654 के पास, सेक्शन 26, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 48सीआय012951000) उक्त प्रॉपर्टी श्री महेंद्रप्रताप राजदेव सिंह के नाम पर है. उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 22.10.2024 द्वारा मुझे दी है. जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं. अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं. अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है.

सही/-
**श्रीमती ममता महेंद्रप्रताप सिंह**

# मृत महिला के परिवार को 25 लाख देंगे अल्लू

- **बोले- घटना से दुखी हूं; पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान हुआ था हादसा**



फिल्म पुष्पा 2 के प्रीमियर के दौरान मची भगदड़ में मृत महिला के परिवार को एक्टर अल्लू अर्जुन 25 लाख रुपए की मदद देंगे. उन्होंने मृतक रेवती के परिवार के प्रति संवेदना जताई है. अल्लू ने कहा कि वे इस घटना से दुखी हैं. घायलों का इलाज भी अपने खर्च पर कराएंगे.

अल्लू बुधवार रात हैदराबाद के संध्या थिएटर पहुंचे थे. उन्हें देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी. वहां अचानक भगदड़ मच गई, जिसमें रेवती की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए थे. घायलों में रेवती का 9 साल का बेटा श्रीतेज भी शामिल था.

मृतक के पति भास्कर का कहना है कि पत्नी और बेटे की हालत के जिम्मेदार सिर्फ अल्लू अर्जुन हैं. अगर उनकी टीम ने थिएटर आने वाली बात पुलिस को बताई होती, तो इतना बड़ा हादसा नहीं होता.

**अल्लू बोले- दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ हूं**

अल्लू ने शुक्रवार यानी 6 दिसंबर को एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया. इसमें उन्होंने कहा- संध्या थिएटर में हुई दुखद घटना से बहुत आहत हूं. इस कठिन समय के दौरान परिवार के साथ मेरी संवेदनाएं हैं. मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि वे इस दर्द में अकेले नहीं हैं. मैं निजी तौर पर परिवार से मिलूंगा. मैं इस कठिन समय में उनकी हर मुमकिन मदद करने के लिए तैयार हूं.

**'इस घटना ने हम सभी का दिल तोड़ दिया है'**

एक्टर ने भगदड़ वाली रात का जिक्र करते हुए कहा- जब हम हैदराबाद में आरटीसी चौराहे पर पुष्पा का प्रीमियर देखने गए, तो हमने कभी नहीं सोचा था कि अगले दिन ऐसी दुखद खबर सुनने को मिलेगी. यह सुनकर निराशा हुई कि एक परिवार घायल हो गया और रेवती नाम की एक महिला की चोट लगने के कारण मौत हो गई. सिनेमाघरों में फिल्में देखना एक परंपरा है, लेकिन इस घटना ने हम सभी का दिल तोड़ दिया.

**आम सूचना**

मैं श्रीमती सीमा संतू गुप्ता सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 2077 के सामने, आकाश कालोनी, चाल नं. 13/11, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 55डीओ008374300) उक्त प्रॉपर्टी श्री मनोज हसमित राय गोगिया के नाम पर है. उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 5.12.2024 द्वारा मैंने खरीदी है. जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं. अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं. अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है.

सही/-
**श्रीमती सीमा संतू गुप्ता**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती पदमा डिगंबर बेदारकर सभी को सूचित कर रही हूं कि ग्राऊंड + पहला माला, हनुमान टेकड़ी, मंगल किराणा स्टोर के पीछे, स्टेशन रोड, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 40सीओ008987900) उक्त प्रॉपर्टी श्री सुभाष डी. भोसले के नाम पर है. उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 2.12.2024 द्वारा मैंने खरीदी है. जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं. अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं. अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है.

सही/-
**श्रीमती पदमा डिगंबर बेदारकर**

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099